# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 01.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 01.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनांक 01.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया तथा स्वास्थ्य के लाभ के लिए सभी परेड के साथ दौड़ लगायी गयी । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया बाद निरीक्षण अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बारी बारी ड्रिल करवाकर ड्रिल व शस्त्रों के बारे में बताया गया साथ ही जेटीसी कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण में अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिए।तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण कर क्वार्टर गार्द में सलामी ली गई तथा परिवहन शाखा, बैरिक, सीपीसी कैन्टीन,पुलिस मेस,स्टोर रूम व नव निर्मित भवन का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को जल्द से जल्द सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तत्पश्चात महोदय द्वारा कर्मचारीगणों को अर्दली रुम किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/कार्यालय श्री अरविन्द कुमार वर्मा,प्रभारी आरआई राकेश समाधिया उपस्थित रहें।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया ।

आवेदिका श्रीमती पूनम देवी पत्नी धीरज कोत0 कर्वी जनपद चित्रकूट ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि पति व ससुरालीजनों द्वारा शराब पीकर मारपीट करना। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उ0नि0 श्रीमती गुड्डी देवी, महिला आरक्षी मंजूलता पाल द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया । दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस मे पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

**समझौता कराने वाली टीमः-**

1.प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उ0नि0 श्रीमती गुड्डी देवी

2.महिला आरक्षी मंजूलता पाल

**(5).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अशोक बाबू द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री हरिओम सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय सिविल जज सीनियर डिविजन श्री सचिन दीक्षित द्वारा आज दिनांक 01.07.2025 को थाना कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 527/2019 धारा 279,337,338 भादवि0 के अभियुक्त नीरज कुमार पाण्डेय पुत्र दिनेश कुमार निवासी खोह थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 2500/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

**(6).** मंडला आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री अजीत कुमार की अध्यक्षता में एवं जिलाधिकारी श्री शिवशरणपप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृत पाल कौर, पदम श्री /जल योद्धा श्री उमाशंकर पांडे की उपस्थिति में वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई ।बैठक में

प्रभागीय बना अधिकारी श्री प्रत्यूष कटिहार ने मंडला आयुक्त को विभाग वार वृक्षारोपण के लक्ष्य के बारे में अवगत कराया, कहा कि लगभग 70 लाख जनपद को लक्ष्य दिया गया है एवं स्थल वार सूची भी उपलब्ध करा दी गई है उन्होंने यह भी कहा कि देवांगन एयरपोर्ट तक नवनिर्मित सड़क एवं इलाहाबाद रोड के आसपास वृक्षारोपण एवं कई बृहद वाटिका भी बनाया जाएगा, उन्होंने यह भी बताया कि वृक्षा रोपण जहां पर किया जाएगा उसी के आसपास नर्सरी के पौधे का इस्तेमाल किया जाएगा।

मंडला आयुक्त ने कहा कि पेड़ लगाना बड़ी बात नहीं है उनकी सुरक्षा व फेंसिंग भी अनिवार्य रूप से करें कहा कि मनरेगा विभाग से भी सहयोग लें । कहा कि पेड़ संदेश देने का कार्य करते हैं एवं पेड़ों से ही संगीत जैसी आवाज निकलती उन्होंने कहा कि जब आप पेड़ काटने जाते हैं तो उनकी रूह काप जाती है अगर पेड़ को पानी देने जाते हैं तो खुशी से लहराते रहते हैं पेड़ को जल से जोड़ पेड़ लगाना आवश्यक है। कहां की उन पेड़ों का चयन करें जो उपयोगी हैं सामाजिक वानिकी के तहत एवं वातावरण के अनुसार ही पेड़ लगाए छोटे पेड़ अधिक महत्वपूर्ण होते हैं जिससे कि खेत की मेढ़ पर लगाने से फसल नष्ट नहीं होती है इससे लाभ ही होता है। उन्होंने कहा कि नीम पीपल वृक्षारोपण अधिक लगाए कहा कि पीपल से ऑक्सीजन व नीम से औषधि प्राप्त होती है यह पेड़ धार्मिक सामाजिक आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होते हैं कहा कि सभी का सहयोग होना चाहिए। मंडला आयुक्त ने कहा कि प्रधान व जनप्रतिनिधियों को भी जोड़े जिससे कि एक स्वच्छ वातावरण बने उन्होंने कहा की बुंदेलखंड कि में पेड़ व पानी के बारे में सोचें कहां की धरती पर पानी की कमी है। मंडला आयुक्त ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि हर स्कूलों में सहजन के पांच वृक्ष अवश्य लगाएं । कहा कि किसानों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा भी वृक्षारोपण कराए, गौशाला में भी वृक्षारोपण कराए। उन्होंने कहा कि बच्चे पेड़ को तोड़ते हैं उन्हें भी पेड़ से जोड़ना सिखाएं कहा कि इसमें सभी की जैंस भविष्य सहभागिता होनी चाहिए उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारियों द्वारा सुझाव आए हैं उनके बारे में सोचें कि पिछले बार कितना वृक्षारोपण किया गया एवं कितना बचा एवं कहा कि क्या इसमें बाधक है इसके बारे में सोचें ।कहां की मनरेगा कृषि व अन्य विभाग जो बड़े हैं सभी को जोड़ें एवं उपयोगी पौधे ही लगाए।

पदम श्री /जल योद्धा श्री उमाशंकर पांडे ने कहा कि यह भगवान रामचंद्र की तपोस्थली है जो पवित्र भूमि है। कहां की जब बच्चा पैदा होता है तो चारपाई होती है मनुष्य जब मर जाता है तो तभी वह लकड़ी पर जाता है एवं मरने के बाद भी लगभग 5 कुंतल लकड़ी जलाने के काम आती है लकड़ी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है ।कहां की धीरे-धीरे पानी कम हो रहा है व जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है इस पर नियंत्रण रखना होगा।कहां की जो नदी व तालाब के किनारे पेड़ होते हैं वह आपस में संदेश भी देते हैं कहा कि पूरे देश में पेड़ व पानी का महत्व है ।उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ों रुपया सरकार देकर हर घर नल योजना की व्यवस्था की है लेकिन बहुत से नल टूटे हैं एवं पानी बह रहे हैं कोई भी केयर नहीं कर रहा है ऐसा नहीं होना चाहिए, हमें पानी को बचाना है कहां की बुंदेलखंड में पानी की समस्या है। उन्होंने कहा कि केवल तालाब की सौंदर्यता से नहीं तालाब में पानी होनी चाहिए कहां की दुनिया का टेंपरेचर बढ़ रहा है ग्लेशियर पिघल रहे हैं जीवन को बचाना है तो पेड़ व पानी को भी बचना होगा सभी लोग मिलकर चित्रकूट को नया चित्रकूट बनाएं।

पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने कहा कि हम लोगों ने पुलिस चौकी थाना व पुलिस लाइन में वृक्षारोपण कराया जाएगा।

तत्पश्चात मंडला आयुक्त ने बरगद, जिलाधिकारी ने पीपल, पुलिस अधीक्षक ने महोगनी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पीपल, पदम श्री उमाशंकर पांडे द्वारा नीम, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा पीपल का कि पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन बैठक में आए मंडल आयुक्त का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो दिशा निर्देश मिला है उसको हमारी टीम अच्छरश पालन करेगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्री अरुण कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे श्री स्वप्निल कुमार यादव ,अपर उप जिला अधिकारी श्री राकेश पाठक, आईजी स्टांप श्री रामसुंदर यादव, उप कृषि निदेशक श्री राजकुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री इन नारायण सिंह, डीसी एनआरएलएम श्री ओपी मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रविशंकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री एश के मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।